# एस.एम.जे.एन. (पी.जी.) कॉलेज, हरिद्वार

## -आवश्यक सूचना-

17.05.2023

महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.ए., बी.कॉम. तथा बी.एससी. षष्टम मुख्य व बैक पेपर परीक्षा तथा बी.ए., बी.कॉम. तथा बी.एससी. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर केवल बैक पेपर के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.online.hnbgu.ac.in पर अपने **मुख्य परीक्षा / बैक पेपर** परीक्षा के आवेदन पत्र दिनांक **04 जून, 2023** तक लॉगइन करके ऑनलाईन जमा करा दें, **अन्तिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र ऑनलाईन जमा करवाने पर विलम्ब शुल्क अलग से देय होगा। पूरित आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी महाविद्यालय में दिनांक 06 जून, 2023 तक अनिवार्य रूप से जमा करा दें।** ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ कॉलेज शुल्क की रसीद/परिचय पत्र की फोटोकॉपी, विगत वर्ष की अंकतालिका, परीक्षा शुल्क की रसीद संलग्न करनी अनिवार्य है। यदि किसी छात्र-छात्रा को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने में कोई समस्या आती है तो वह कोर्डिनेटर ई-गर्वनैंस को मेल करके समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

**नोट : प्रत्येक छात्र-छात्रा को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय पोर्टल पर अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए यथासमय पर अपना परीक्षा आवेदन-पत्र भरना सुनिश्चित करें। साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र में केवल अपना ही मोबाईल नम्बर व ई-मेल आई.डी. ही अंकित करें, ताकि परीक्षा सम्बन्धी जानकारी उक्त को समयानुसार विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जा सके।**

**ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश**

- परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाईन भरे जायेंगे।
- ऑनलाईन परीक्षा आवेदन-पत्र में उपलब्ध लिंक के माध्यम से समस्त छात्र-छात्रा द्वारा अपना परीक्षा शुल्क जमा किया जायेगा।
- छात्र-छात्रा द्वारा पूरित आवेदन-पत्र की हार्डकॉपी महाविद्यालय में जमा करायी जायेगी।
- महाविद्यालय द्वारा छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को इसके पश्चात वैरीफाई किया जायेगा।
- महाविद्यालय के वैरिफिकेशन के पश्चात ही छात्र अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकता है।

(डॉ. सुनील कुमार बत्रा)
प्राचार्य

Principal
S.M.J.N. P.G. College
HARIDWAR

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰ / परीक्षा / 2023 / / 1235 दिनांक : 16 / 5 / 2023

## अधिसूचना

**सी0बी0सी0एस0 प्रणाली [बी0एड0 / एम0एड0 को छोडकर] के अन्तर्गत सम सेमेस्टर (मुख्य एवं बैक पेपर) परीक्षा आवेदन–पत्र 2022–23**

एतद्द्वारा परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टरों **[II,IV,VI,VIII, X (बी0एड0 / एम0एड0 पाठ्यक्रमों को छोडकर)]** के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टरों की परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन (Online) भरने की तिथि सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त निम्नवत् जारी की जाती हैः–

1. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि – **18 मई 2023**
2. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि – **06 जून 2023**
3. विलम्ब शुल्क रू0 1,000/– के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि – **07.06.2023 से 11.06.2023 तक।**
4. विभाग / परिसर / महाविद्यालय / संस्थान द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र Online Verification के पश्चात् विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र, **रोललिस्ट एवं N.R. (Numerical Return) / सम्बद्धता पत्र की 02-02** प्रतियों में परीक्षा अनुभाग / अतिगोपनीय अनुभाग में जमा करने की **अन्तिम तिथि 16 जून 2023 तक।**

यदि किसी छात्र / छात्रा को Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान / परिसर से सम्पर्क करें अथवा डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर की मेल आईडी hnbgudpu@gmail.com पर पत्राचार कर समाधान पा सकते हैं। छात्र / छात्राओं से अपेक्षा की जाती हैं कि वे विश्वविद्यालय पोर्टल पर अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुये यथासमय पर अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करे।

**नोटः– उक्त विज्ञप्ति B.Lib. पाठ्यक्रम पर भी लागू होगी।**

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा

प्रतिलिपिः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञिप्ति को दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक विश्वविद्यालय परिसर, बी0गोपाल रेड्डी परिसर पौड़ी गढ़वाल एवं एस0आर0टी0 परिसर बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल / प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक 16 जून 2023** तक विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. अनुभागीय अधिकारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का आवेदन पत्र एवं शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र / ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
4. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द / ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि छात्र / छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र भरने हेतु विश्वविद्यालय विवरणिका सत्र 2022–23 एवं मान्यता अनुभाग से प्राप्त सत्र 2022–23 हेतु स्वीकृत सीटों के अनुसार Online पोर्टल खोलना सुनिश्चित करने कष्ट करें।
5. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक / उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव, अतिगोपनीय / प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून के सूचनार्थ प्रेषित।
6. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट **www.hnbgu.ac.in** पर प्रसारित करें।
7. निजी सचिव कुलसचिव–कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
8. मा0 प्रति कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ।
9. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय– माननीय कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव, परीक्षा